**फ्रेशर्स पार्टी 'क्षितिज 2025' में नए छात्रों का उत्साहपूर्ण स्वागत**

पंतनगर। 28 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 27 सितंबर 2025 को भव्य फ्रेशर्स पार्टी 'क्षितिज 2025' का आयोजन किया गया, जिसमें नए प्रवेशित छात्रों का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात विश्वविद्यालय गीत की प्रतिध्वनि ने सभागार में एकता और भाईचारे की भावना का संचार किया। तत्पश्चात शांत और भावपूर्ण वंदना प्रस्तुत की गई, जिसने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया। अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अलका गोयल, विशिष्ट अतिथि सह–अधिष्ठात्री छात्र कल्याण डा. छाया शुक्ला, एवं विभागाध्यक्ष डा. मनीषा गहलोत, डा. सीमा क्वात्रा, डा. अर्चना कुशवाहा, डा. अनुपमा पांडे के साथ–साथ स्टाफ काउंसलर दिव्य सिंह और को–स्टॉक काउंसलर डा. पूजा टम्टा ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देकर उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सेमी–क्लासिकल डांस ने दर्शकों का मन मोह लिया, जबकि पंजाबी डांस की तेज़ और जोशीली प्रस्तुति ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। वरिष्ठ छात्रों द्वारा प्रस्तुत नेपाली नृत्य ने भी जमकर तालियां बटोरीं। शाम का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही, जिसमें नए छात्र आत्मविश्वास के साथ मंच पर उतरे। विजेताओं को 'मिस्टर फ्रेशर' और 'मिस फ्रेशर' के खिताब से सम्मानित किया गया, जो उनके लिए गर्व और खुशी का क्षण था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। 'क्षितिज 2025' सिर्फ एक स्वागत समारोह नहीं, बल्कि नए रिश्तों, नए सपनों और एक नई शुरुआत का प्रतीक था।

